स्वंयपाठी परीक्षार्थियों के लिए प्रायोगिक प्रशिक्षण आवेदन 31 मार्च तक।

जयपुर– 15 मार्च। राजस्थान विश्वविद्यालय के स्नातक (कला/विज्ञान पासकोर्स एवं एडिशनल) एवं स्नातकोत्तर भूगोल परीक्षा–2021 के लिए जिन स्वंयपाठी परीक्षार्थियों ने प्रायोगिक विषयों का चयन किया है वे प्रायोगिक प्रशिक्षण हेतु अपना आवेदन 16 मार्च से 31 मार्च के दौरान कर सकते हैं।

इन स्वयंपाठी परीक्षार्थियों को प्रायोगिक प्रशिक्षण हेतु निर्धारित महाविद्यालय का चयन एवं परीक्षा शुल्क ऑनलाइन वैबसाइट WWW.univraj.org पर उपलब्ध रजिस्ट्रेशन फॉर प्रैक्टिकल ट्रेनिंग पर निर्धारित तिथि तक करना होगा।

विश्वविद्यालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि प्रायोगिक विषय लेने वाले इस श्रेणी के प्रत्येक छात्र को चयनित प्रायोगिक विषय में प्रशिक्षण लेना अनिवार्य है।

जनसम्पर्क अधिकारी